दैनिक
न्याय साक्षी

# खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास

### किरोड़ीमलनगर शराब भट्ठी के पास युवक पर चाकू से हमला

रायगढ़। ग्राम नवरंगपुर कोतरारोड़ में रहने वाला रमेश सिदार व उसका भाई उमेश सिदार दिनांक 19/10/2018 को सुबह दशहरा देखने अपने मामा मंगलू सिदार के घर किरोडीमलनगर गये थे। रात्रि करीब 07.00 बजे रमेश सिदार अपने मामा के घर से शराब लेने किरोडीमलनगर शराब भट्ठी गया था, जहां रात्रि करीब 09.00 बजे लाईन लगाने कि विवाद को लेकर एक अज्ञात व्यक्ति ने रमेश सिदार के पेट तथा जांघ में धारदार चाकु से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की जानकारी रमेश सिदार के भाई उमेश सिदार को होने पर मौके पर जाकर आहत रमेश सिदार को जिंदल हॉस्पीटल में भर्ती कराया, जहां से आहत को जिला अस्पताल रायगढ रिफर किया गया है। रिपोर्टकर्ता उमेश सिदार पिता रूपलाल सिदार के रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 278/18 धारा 307 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

### जुआ एक्ट की कार्यवाही

रायगढ़। थाना घरघोड़ा स्टाफ द्वारा 19 अक्टूबर की रात्रि ग्राम छोटे गुमड़ा मंदिर मेला में मुखबिर सूचना पर खुडखुड़िया नामक जुआ खेला रहे व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पहले जुआ रेड की कार्यवाही में महबूब खान पिता आशिक खान उम्र 56 वर्ष साकिन झरियापाली थाना घरघोड़ा को पकड़ा गया गया, आरोपी के पास से जुमला रकम 3,370 रूपये, खुडखुड़िया गोटी, पट्टी एवं एक बांस की टोकरी जप्त किया गया है ।

जुआ रेड की दूसरी कार्यवाही ग्राम छोटे गुमड़ा मंदिर मेला में खुडखुड़िया खेला रहे मधुसुदन महंत पिता जयलाल महंत उम्र 21 वर्ष साकिन नवागढ़ थाना घरघोड़ा को भी पकड़ा गया, जिसके पास से जुमला रकम 11,700 रू. खुडखुड़िया गोटी, पट्टी एवं बांस का टोकरी जप्ते किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना घरघोड़ा में अप.क्र. 330, 331/18 धारा 4 (क) जुआ एक्टे के तहत कार्यवाही किया गया है। पुलिस चौकी जुटमिल स्टाफ द्वारा दिनांक 19/10/2018 के करीब 13.30 बजे दिन में मुखबिर द्वारा मिली सूचना पर दर्रामुडा बाजार के पास जुआ खेल रहे व्यषक्तियों को घेराबंदी कर पकड़े।

## धड़ल्ले से चल रहा है लकवा मरीजों का इलाज

रायगढ़। लकवा इलाज के लिए प्रसिद्ध साल्हेओना के बाप बेटे की क्लिनिक पुलिसी कार्यवाही के बाद भी बंद नही हुआ उल्टा बेखौफ बेरोकटोक चल रहा है। पिछ्ले 20 वषो से साल्हेओना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस गांव में लकवा पीड़ितों का इलाज करने वाले डॉ. शौकिलाल पहले तो गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्देशन में दवाई वितरण किया करते थे लेकिन धीरे धीरे इसके आड़ में डॉक्टरी करना चालू कर दिया और अब लकवा स्पेसिलिस्ट बन बैठे उनका पैटर्न अब उसके लड़के मनोज को भी दे दी। साल्हेओना के अलावा बाहर सारंगढ़ व अन्य क्षेत्रों में भी इनका दौरा चलता था लेकिन पिछ्ले कुछ सालों से घर में ही अस्पताल का रूप देकर बेखौफ इलाज चला रहे हैं। ये न तो एमबीबीएस हैं और न ही बीएएमएस इनकी डिग्री फर्जी है जिसका जांच के बाद पुलिसी कार्यवाही भी लगभग एक वर्ष पहले की गई थी। महापल्ली में चुनाव को लेकर बनी जांच चौकी बैरियर से मिली जानकारी के अनुसार पिछ्ले दो तीन दिन के अंदर साल्हेओना लकवा इलाज कराने जाने वाले अधिकांश वाहन मरीजो के दर्ज किया गया है जो बुलेरो, आटो, कार जैसे चार पहिया वाहनों के है। संवाददाता ने खबर की पुष्टि के लिए साल्हेओना गांव उक्त डाक्टर के क्लिनिक के पास गया तो सच सामने आ गया। तत्काल ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. टीके टोडर से फोन पर इसकी जानकारी दी गई तथा पूछा कि क्या उक्त डॉक्टर का इलाज के लिए पंजीकरण किया गया है। क्या सर्टिफाइड डाक्टर है तो उन्होंने ऐसा होने से इंकार किया लेकिन जांच कराने को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। यही कारण है कि इस तरह के फर्जी डिग्री वाले झोलाछाप डाक्टरों की बाढ़ आ गई है। जो इलाज एक एमडी डॉक्टर को करनी चाहिए वह स्वास्थ विभाग में आठवीं फेल व्यक्ति धड़ल्ले से इंजेक्शन और सलाइन लगा रहा है। उक्त डॉक्टर के संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए जिस तरह से स्वास्थ्य को मजाक खेल समझ कर लोगों की जान में खेलकर करोड़ों का कारोबार चल रहा है। वास्तव में यह जांच का मामला है।



## नाम निर्देशन की प्रक्रिया 26 अक्टूबर से 2 नवंबर तक

### 3 नवंबर को संवीक्षा एवं 5 नवंबर तक नाम वापसी

### नाम निर्देशन के समय रिटर्निंग कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में केवल तीन वाहनों की होगी अनुमति



रायगढ़। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नाम निर्देशन संबंधी प्रशिक्षण में सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन की प्रक्रिया 26 अक्टूबर से 2 नवंबर तक पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रहेगी। इसके लिए अधिकारियों को सारी व्यवस्था शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 3 नवंबर 2018 को संवीक्षा की जाएगी एवं अभ्यर्थी 5 नवंबर अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापसी ले सकते है। मतदान 20 नवंबर 2018 को होगा। अवकाश दिवस रविवार एवं चतुर्थ शनिवार को नाम-निर्देशन कार्य नहीं होगा। उन्होंने बताया कि सहायक रिटर्निंग अधिकारी नाम निर्देशन के रूप में हस्ताक्षर करेंगे। अभ्यर्थी को नाम निर्देशन हेतु प्रारूप-2 ख तथा प्रारूप 26 शपथ पत्र प्रदान किया जाना है।

कलेक्टर ने बताया कि नाम निर्देशन के समय रिटर्निंग कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में केवल तीन वाहनों की अनुमति होगी एवं अभ्यर्थी समेत केवल 5 व्यक्ति को आने की अनुमति मिलेगी।

सर्वप्रथम अभ्यर्थी नाम निर्देशन की निक्षेप राशि जमा कर रसीद प्राप्त करेगा। अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी अगर निक्षेप राशि में छूट चाहते है तो उन्हें सक्षम अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ का जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्र पर तत्काल क्रम संख्या, दिनांक व समय लिखे और आरओ, एआरओ विधानसभा संख्या तथा विधानसभा का नाम लिखकर हस्ताक्षर करेंगे। एक अभ्यर्थी अधिकतम दो विधानसभा क्षेत्रों में नाम निर्देशन कर सकेगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर हरीश एस, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, सहायक कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर संजय दीवान एवं सुखनाथ अहिरवार, रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे।

जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल ने बताया कि अभ्यर्थी को नाम निर्देशन पत्र के साथ स्वयं की 2×2.5 से.मी.आकार की नवीनतम टिकट साइज फोटो जमा करनी होगी, चेहरा स्पष्ट एवं सामने का व्यू हो तथा गहरे रंग का चश्मा न हो। ब्लेक एण्ड व्हाईट या कलर, आंखे खुली, चेहरे पर सामान्य भाव, बैकग्राउण्ड सफेद तथा ऑफव्हाइट, सामान्य कपड़ों में होना चाहिए।

## बाजे-गाजे के साथ झूमते हुए निकले भक्त, नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई

रायगढ़। नवरात्रि के अंतिम दिन नगर के विभन्न स्थानों सहित अंचलभर के दुर्गा प्रतिमा व जोत-जंवारा का विसर्जन शनिवार को किया गया। भक्तों ने मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी। सेवा गीत गाते सेवा मंडली के साथ भक्त बाना लिए मां अम्बे की शोभा यात्रा निकालकर शहर भ्रमण कराते हुए प्रतिमा तालाब में विसर्जन किया गया। प्रतिमाओं का विसर्जन सुबह से ही शुरू हो गया था जिसमे ढोल -तासे, डीजे, बैंड बाजे की धुन पर पूरा शहर मां दुर्गा प्रतिमा की विसर्जन झांकी की शुरुआत हुई। देर रात तक विसर्जन का दौर जारी रहा। विभिन्न वाडो से चौक चौरहें से मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ निकली गई। महिलाएं सिर पर ज्योत-जंवारा लेकर कतारबद्ध चल रही थी। भक्त मां का जसगान करते हुए झूमते हुए चल रहे थे।



नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए विसर्जन शोभायात्रा केलो नदी तक पहुंची। जहां आरती पूजा के बाद दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। तालाबों में विसर्जन का सिलसिला दिनभर चलता रहा।

इस दौरान केलो नदी के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मां दुर्गा की विदाई देखने के लिए शहर की सडकों पर श्रद्धालु उमड़ पड़े थे। पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल करने में लगी रही। इधर, अनेक देवी मंदिरों में स्थापित ज्योत-जंवारा का विसर्जन अष्टमी हवन के बाद कर दिया गया था। मां दुर्गा की विदाई के साथ ही नवरात्रि व दशहरा महोत्सव का समापन हो गया। नवरात्रि भर नगर में जहां गरबा की धूम रही, वहीं अंचल में धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

बंगाली समाज ने पूरी की सिंदबंगाली समाज ने पूरी की सिंदूर खेला की रस्म निभाई परंपरा अनुसार अंचल कई स्थानों में बंगाली महिलाओं ने सदा सुहागन रहने की कामना के साथ मां दुर्गा को विदाई दी। इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाया। सिंदूर खेला कालीबाड़ी पंजरी प्लांट जूटमिल सहित अन्य स्थानों में महिलाओं ने सिंदूर खेला। वही माता के विसर्जन के दौरान महिलाएं भावकु भी नजर आई।

केलो नदी में शहर भर में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को सुबह से ही विदाई व विसर्जन करने का दौर चलता रहा।

## सरिया पुलिस की शराब रेड कार्यवाही

### 380 पाऊच महुआ शराब बरामद, चक्रधरनगर, तमनार क्षेत्र में भी पकड़ा गया अवैध शराब

रायगढ़। 19 अक्टूबर को थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक एस.आर. साहू के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर स्टाफ द्वारा सुबह थानाक्षेत्र के ग्राम बड़े आमकोनी के घनश्याम पटेल पिता खीर सागर पटेल उम्र 50 वर्ष के घर से लगा बाडी में छिपाकर बिक्री हेतु रखा देशी महुआ शराब की 377 पाउच प्रत्येक पाउच में 180 द्व्य 68. 400 बल्क लीटर , दो जरीक़ीन में 30 लिटर, एक बाल्टी में 10 लिटर , कुल 108 लिटर 400 द्व्य कीमती 21690/- रूपये जप्त किया गया है, आरोपी के विरूद्ध थाना सरिया में अप.क्र. 225/18 धारा 34 (2) 59(क) आब . एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

इसी तरह 18 अक्टूबर को थाना तमनार में कार्यरत सउनि गोवर्धन प्रधान व हमराह स्टाफ मुखबिर सूचना पर कुधरीपारा तमनार में शुकलाम्बर यादव के घर शराब रेड कार्यवाही किया गया, कार्यवाही में आरोपी के कब्जे से 10 लिटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी शुकलाम्बर यादव उम्र 35 वर्ष निवासी कुधरीपारा के विरूद्ध थाना तमनार में अप.क्र. 252/18 धारा 34 (1), 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

वहीं थाना चक्रधरनगर स्टाफ द्वारा दिनांक 18 अक्टूबर को मुखबिर सूचना पर ग्राम कुकुर्दा के संजय खड़िया पिता सोनउ खड़िया उम्र 20 साल को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 वाई 4558 पर बोरी में रखकर 15 लिटर हाथ भट्ठी महुवा शराब शहर की ओर से लेकर आते हुये कुकर्दा बस्ती मेन रोड में पकड़े, आरोपी से उसकी मोटर सायकल एवं शराब जप्त कर थाना चक्रधरनगर में अप.क्र. 404/18 धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है तथा 18 अक्टूबर की शाम थाना चक्रधरनगर पुलिस द्वारा शराब रेड की एक अन्य कार्यवाही स्टेट बैंक चक्रधरनगर के पीछे की गई, जहां रेल्वे लाईन किनारे एक व्यक्ति को हाथ में जरिकेन में शराब लेकर आते हुये पकड़े।


तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996


पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM


For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session






Topper Students Last Session




Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931